Publication: Business Bhaskar Date: 1719/2012

Edition: New Delhi Page: 03

वाटिका ग्रुप करेगा 250 करोड़ निवेश

नई दिल्ली ◆ रियल्टी फर्म वाटिका ग्रुप ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों में अपने बिजनेस सेंटर वेंचर की विस्तार योजनाओं पर 250 करोड़ रुपये पूंजी निवेश करेगा। ग्रुप का यह उद्यम ग्राहकों को पूर्णतया फर्निश्ड ऑफिस स्पेस व अन्य सुविधाएं मुहैया कराता है। वर्तमान में वाटिका ग्रुप की इस सहायक शाखा वाटिका बिजनेस सेंटर के पांच शहरों में आठ बिजनेस सेंटर हैं। इस बारे में वाटिका बिजनेस सेंटर के सीओओ शरद लूंबा ने कहा कि हम सभी मेट्रो शहरों में मौजूदगी की योजना बना रहे हैं। इनमें कोलकाता व चेन्नई जैसे शहर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश में बिजनेस सेंटर की मांग में तेजी देखी गई है। कंपनी ने पिछले दो वर्षों में चार नए बिजनेस सेंटर्स की शुरुआत की है। **(ब्यूरो/प्रेट्र)**